# अध्याय : 15 ( हमारा पर्यावरण )

**page: 289**

**1. क्या कारण है कि कुछ पदार्थ जैव निम्नीकरणीय होते हैं और कुछ अजैव निम्नीकरणीय?**

**उत्तर :** अजैव निम्नीकरणीय पदार्थ वे होते है जो छोटे जीवो द्वारा जैविक प्रक्रम में सरल पदार्थ में अपघटित हो जाते है |इसके विपरीत अजैव निम्नीकरणीय पदार्थ में लंबे समय तक बने रहते है | इनका अपघटन नहीं हो पता तथा ये हानिकारक होते है

**2. ऐसे दो तरीके सुझाइए जिनमें जैव निम्नीकरणीय पदार्थ पर्यावरण को प्रभावित करते हैं।**

**उत्तर :** (i) जैविक पदार्थ के अपघटन से वातावरण बदबूदार हो जाता है |

(ii) इनके अपघटन के दैरान कुछ विषैली गैसों उत्पन्न होती है जैसे - $CO_2$ ये पर्यावरण को दूषित करती है |

**3. ऐसे दो तरीके बताइए जिनमें अजैव निम्नीकरणीय पदार्थ पर्यावरण को प्रभावित करते हैं।**

**उत्तर :** (i) अजैव निम्नीकरणीय पदार्थ अपघटित न हपने के कारण पर्यावरण में लंबे समय तक रहते है , अत: पर्यावरण को दूषित करते है |

(ii) इनसे धरती पर गंदगी फ़ैल रही है | ये सीवरेज व्यवसाथ को भी प्रभावित कर रहे है | उदारहण - प्लास्टिक की थैलियँ |

**page : 294**

**1. पोषी स्तर क्या हैं? एक आहार शृंखला का उदाहरण दीजिए तथा इसमें विभिन्न पोषी स्तर बताइए।**

**उत्तर :** विविध जैविक स्तरों पर हिस्सा लेने वाले जीवो की शृंखला , आहार शृंखला बनती है |

इसका प्रत्येक चरण एक पोषी स्तर का निर्माण करता है |

घास - कीड़ा - मेढ़क - साँप - गिद्ध

(a) घास आहार शृंखला का प्रथम पोषी स्तर है | यह अपना भोजन स्वयं तैयार करती है |

(b) कीड़ा आहार शृंखला का द्वितीय पोषी स्तर है |

(c) मेढ़क तृतीय पोषी स्तर है तथा यह घास खाता है |

(d) साँप इस शृंखला का चौथा पोषी है |

(e) गिद्ध इस शृंखला का पाँचवा व अंतिक पोषी स्तर है |

**2. परितंत्र  में अपमार्जकों की क्या भूमिका है?**

**उत्तर :** जीवाणु तथा कवक आदि सूक्ष्म जीव अवशेषो का अपमार्जन करते है | ये जीव जटिल कार्बनिक पदार्थो को सरल अकार्बनिक पदार्थो में बदल देते है |ये पदार्थ मिट्टी अवशोषित लेती है अतः ये सूक्ष्म जीव पुन : च्रकण में सहयोग करते है तथा पर्यावरण को गंदगी से बचाते है |

**page : 296**

**1. ओजोन क्या है तथा यह किसी पारितंत्रा को किस प्रकार प्रभावित करती है।**

**उत्तर :** ऑक्सीजन के तीन परमाणु संलागित होकर ओजोन $O_3$ का एक अणु बनाते है | ओजोन की परत वायुमंडल के ऊपरी सतह में होते है यह हमे सूर्य की हानिकारक पराबैगनी विकिरणों को अवशोषित कर लेती है | अत : ओजोन हमे कई बीमारियाँ जैसे त्वचा का कैंसर , अल्सर आदि से सुरक्षा प्रदान करती है |

**2. आप कचरा निपटान की समस्या कम करने में क्या योगदान कर सकते हैं? किन्हीं दो तरीकों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर :** (i) हमे अजैविक पदार्थ की तुलना में जैविक पदार्थो का प्रयोग करना चाहिए | हमें  प्लास्टिक की थैली की जगह कागज या , जुट के थैली प्रयुक्त करने चाहिए |

(ii)  जैविक  कचरे को ऐसी जगह निपटना चाहिए जहाँ से ये पुन : च्रकण के लिए तैयार हो सके |

**1. निम्न में से कौन-से समूहों में केवल जैव निम्नीकरणीय पदार्थ हैं-**

**(a)  घास, पुष्प तथा चमड़ा |**

**(b)  घास, लकड़ी तथा प्लास्टिक |**

**(c) फलों के  छिलके , वेफक एवं नींबू का रस |**

**(d) केक, लकड़ी एवं घास |**

**उत्तर :** (a) , (c) ,(d) |

**2. निम्न से कौन आहार शृंखला का निर्माण करते हैं-**

**(a)  घास, गेहूँ तथा आम |**

**(b) घास, बकरी तथा मानव |**

**(c)  बकरी, गाय तथा हाथी |**

**(d)  घास, मछली तथा बकरी |**

**उत्तर :** (b) घास, बकरी तथा मानव |

**3. निम्न में से कौन पर्यावरण-मित्र व्यवहार कहलाते हैं-**

**(a) बाजार जाते समय सामान के लिए कपड़े का थैला ले जाना |**

**(b) कार्य समाप्त हो जाने पर लाइट ( बल्ब ) तथा पंखे का स्विच बंद करना |**

**(c) माँ द्वारा स्कूटर से विद्यालय छोड़ने के बजाय तुम्हारा विद्यालय तक पैदल जाना|**

**(d) उपरोक्त सभी |**

**उत्तर :** (d) उपरोक्त सभी |

**4. क्या होगा यदि हम एक पोषी स्तर के सभी जीवों को समाप्त कर दें ( मार डाले ) ?**

**उत्तर :** आहार शृंखला का प्रत्येक पोषी स्तर महत्वपूर्ण है | यदि हम एक पोषी स्तर के जीवो को समाप्त कर दे तो अगले स्तर के जीवों को भोजन नहीं होगा और वे भूखे मरेंगे तथा पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जायेगा | खाघ शृंखला में ऊर्जा का प्रवाह खत्म हो जाएगा |

**5. क्या किसी पोषी स्तर के सभी सदस्यों को हटाने का प्रभाव भिन्न-भिन्न पोषी स्तरों के लिए अलग-अलग होगा? क्या किसी पोषी स्तर के जीवों को पारितंत्र को प्रभावित किए बिना हटाना संभव है?**

**उत्तर :** नहीं , यह प्रभाव भिन्न - भिन्न नहीं होगा | किसी भी एक पोषी स्तर के प्रभावित होने पर सभी स्तर एक समान रूप से प्रभावित होगे | इसके अतिरिक्त किसी भी पोषी स्तर के जीवों को हटाने पर परितंत्र होता है | प्रत्येक पोषी स्तर अपने से निचले एवं ऊपरी दोनों ही स्तरों को समान रूप से प्रभवित करता है |

**6. जैव आवर्धन क्या है? क्या पारितंत्र के विभिन्न स्तरों पर जैविक आवर्धन का प्रभाव भी भिन्न-भिन्न होगा?**

**उत्तर :** आहार श्रृंखला में रासायनिक अजैविक पदार्थ का अत्यधिक मात्रा में संचित होना जैव आवर्धन कहलाता है | इसकी सर्वाधिक मात्रा मानव में पाई जाती है भिन्न स्तरों का जैविक आवर्धन भी भिन्न है | यह मात्रा स्तरों में ऊपर की ओर बढ़ती है |

**7. हमारे द्वारा उत्पादित अजैव निम्नीकरणीय कचरे से कौन-सी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं?**

**उत्तर :** हमारे द्वारा उत्पादित अजैव निम्नीकरणीय कचरे से पर्यावरण प्रदूषित होता है | ये विघटित नहीं होते | अत: ओनके निपटान की समस्या भी आती है | ये अनेक समस्याएँ उत्पन्न करते है |

**(i)** परितंत्र के सदस्यों का ह्रास करते है |

**(ii)** जैव आवर्धन निर्मित करके उसके वृद्धि करते हैं |

**(iii)** जल , भूमि तथा वायु प्रदुषण फैकते है |

**8. यदि हमारे द्वारा उत्पादित सारा कचरा जैव निम्नीकरणीय हो तो क्या इनका हमारे पर्यावरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा?**

**उत्तर :** जैव निम्नीकरणीय कचरा एक सिमित समय तक ही पर्यावरण को प्रदूषित करता है | इसके पश्चात नष्ट होने पर समाप्त हो जाता है तथा पुन : चक्रण में भी उपयोगी है | इनके विघटन के पश्चात वातावरण में बदबू तथा विषैली गैसों उत्पन्न होती है |

**9.ओजोन परत की क्षति हमारे लिए चिंता का विषय क्यों है। इस क्षति को सीमित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?**

**उत्तर :** ओजोन परत $O_3$ सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी विकिरणों से हमारी रक्षा करती है | इसकी क्षति से ये विकिरणों को धरती तक पहुँचकर त्वचा के रोग तथा त्वचा का कैसर उत्पन्न करता है | अतः यह हमारे लिए चितां का विषय है | क्लोरोफ्लोरो कार्बन जिनका उपयोग रेफ्रिजरेटर एवं अग्निशामक में होता है , ओजोन को क्षति पहुँचा रहे है | इस क्षति को सिमित करने के लिए हमे क्लोरोफ्लोरो कार्बन तथा रासायनिक पदार्थ का उपयोग कम से कम करना चाहिए |